जाओ
और
मसीह की कलीसिया बनाओ

कलीसिया के पर्व

द्वारा

डोटा

मैनुएल 5

समूह के अगुवों के लिए

(चौथा संशोधित संस्करण 2016)

प्रस्तावना

कलीसिया क्या है।

विश्वव्यापी स्तर पर, कलीसिया मसीह की देह है(इफिसियों 1:22-23) और सारे मसीही उस देह के अंग हैं(1कुरिन्थियों 12:12)। स्थानीय स्तर पर, मसीहियों के किसी घर (रोमियों 16:5)या शहर (1 कुरिन्थियों 1:2) में जमा होने को कलीसिया कहा जाता है। केवल यीशु सारी स्थानीय व विश्वव्यापक कलीसियाओं का सिर है। केवल वह ही कलीसिया का प्रमुख चरवाहा और बिशप है(1पतरस 2:24;5:4)। कलीसिया एक आत्मिक घर है जिसमें प्रत्येक मसीही एक जीवित पत्थर(1पतरस 2:5) या वह वास स्थान है जहाँ पर परमेश्वर अपनी आत्मा के माध्यम से वास करता है (इफिसियों 2:21-22)। कलीसिया एक घराना या परमेश्वर का परिवार है(इफिसियों 2:19)। जिसमें स्वयं परमेश्वर प्रेम व देखभाल करने वाले पिता के समान रहता है और सारे मसीही लोग एक दूसरे के साथ भाई व बहन के रूप में रहते हैं। कलीसिया एक भेड़ के झुण्ड के समान है जो अपने आगे चलने वाले चरवाहे का अनुसरण करते हैं(1पतरस 5:2; 2:25;5:4)। कलीसिया परमेश्वर का चुना हुआ पवित्र देश है जो उन लोगों से मिलकर बना होता है जिन्हें परमेश्वर ने सम्पूर्ण संसार में से चुना होता है(1पतरस 2:9-10)कलीसिया परमेश्वर के राज्य या उसके धरती पर राजा होने का प्रत्यक्ष प्रमाण है(मत्ती 13:36-43; 16:18-19;21:42-44)। कलीसिया अभी तक भी सिद्ध वास्तविकता नहीं है(मत्ती 13:24-30), लेकिन मसीह के द्वितीय आगमन पर, वह मसीह की सिद्ध दुल्हन हो जाएगी(प्रकाशितवाक्य 21:1-2,9-10, 19:7)। एक तरफ तो कलीसिया संसार में एक योद्धा कलीसिया है जो शत्रु के सारे आक्रमणों के विरूद्ध खड़ी होती है(मत्ती 16:18-19; इफिसियों 6:10-18; प्रकाशितवाक्य 12:10-12)। जबकि दूसरी ओर कलीसिया स्वर्ग में एक विजयी कलीसिया है जहां पर इस दुनिया से कूच कर गये मसीही पहले ही परमेश्वर की उपस्थिति में रहते हैं(गलातियों 4:26; इब्रानियों 11:10,16;12:22-14;13:14)।

किस प्रकार से मसीह की कलीसिया बनती है?

मसीह कलीसिया का सस्थापक, मालिक और निर्माता है। वह अपनी कलीसिया को बनाता है और अधोलोक के फाटक उस पर प्रबल नहीं हो सकते(मत्ती 16:18)! वह अपनी कलीसिया को पवित्र आत्मा(प्रेरितों 20:28), बाइबल(2 तीमुथीयुस 3:16-17) और स्थानीय कलीसिया के पुनरियों की परिषद (1तीमुथी 5:17) के द्वारा अगुवाई करता है। मसीह ने यहूदियों, समारियों और अन्यजातियों में कलीसिया की ऐतिहासिक बुनियाद रखने का काम प्रेरितों के द्वारा किया(इफिसियों 2:20)। लेकिन अब वह कलीसिया का निर्माण करने के लिए अति साधारण विश्वासी का इस्तेमाल करता है। वह उन मसीहियों के द्वारा कलीसिया का निर्माण करता है जिनके लक्ष्य निम्नलिखित होते हैं: जो एक दूसरे की ज़िम्मेदारियों को पूरा करने में सहायता के द्वारा आपसी रिश्ते बनाते हैं(इफिसियों 4:1-2), ठोस मसीही सिद्धान्तों के आधार पर अपनी आत्मा की एकता को बनाये रखते हैं(इफिसियों 4:3-6)जिससे वे इस एकता में पायी जाने वाली विविधता को बनाये रखें(इफिसियों 4:7-11), जो मसीह की कलीसिया के भीतर व बाहर व्यवहारिक काम करने के लिए लोगों को तैयार करते हैं(इफिसियों 4:12)और जो सारे मसीहियों को परिपक्ता में अगुवाई करते हैं (इफिसियों 4:13-14)। अत: कलीसिया सत्य,प्रेम, मसीह की समानता और नियमित वृद्धि (इफिसियों 4:15-16) पर आधारित एक समुदाय बन जाती है। मसीह की कलीसिया का निर्माण करना आज सभी विश्वासियों का लक्ष्य है।

डोटा पाठयक्रम समूह के अगुवों को निम्नलिखित घटक उपलब्ध कराने के द्वारा मसीह की कलीसिया को व्यवहारिक बनाता है:

1.प्रत्येक मैनुएल में 12 अध्याय दिये गये हैं जिन्हें 3 महीनों में (अर्थात एक अध्याय प्रति सप्ताह) या छ: महीनों में(अर्थात एक अध्याय प्रति 14 दिनों में) समाप्त किया जा सकता है। गहन अध्ययन कार्यक्रम में पाठयक्रम को छ: दिनों में भी समाप्त किया जा सकता है।

2. महत्वपूर्ण बाइबल के पद विद्यार्थी की मसीह, उसकी कलीसिया और बाइबल को जानने में मदद करते हैं।

3. गहरे शब्दों में लिखे निर्देश जैसे "पढें" "खोजें व चर्चा करें" समूह के अगुवें को अगुवाई करने में सहायता प्रदान करते हैं।

4. "नोट्स" प्रत्येक प्रश्न के उत्तर का साराशं बताते हैं। यह समूह अगुवे के लिए एक मार्गदर्शिका के रूप में काम करता है।

5.यह पाठयक्रम हमें मण्डली का निर्माण करने के लिए व्यवहारिक तरीके व अकेले या छोटे समूह के साथ यूहन्ना की पुस्तक का अध्ययन करने में सहायता करता है।
6.हर एक अध्याय में घर पर तैयारी करने का काम होता है, जिसे अध्याय के अन्त में विद्यार्थियों को दिया जा सकता है।
7.प्रशिक्षण पाठयक्रम दूसरों को देने के लिए सहज है। प्रत्येक पाठयक्रम के 12 अध्यायों को पूरा करने के बाद, जो विद्याथी किसी समूह में दूसरे लोगों को यह शिक्षा देना चाहते हैं वे समूह के अगुवे के लिए एक प्रति या कॉपी प्राप्त कर सकते हैं। हमारी प्रार्थना है कि परमेश्वर आपके क्षेत्र में तेजी से मण्डलियों की (घरेलू कलीसिया) संख्या को बढ़ाये और ज्यादा से ज्यादा लोग परमेश्वर पर विश्वास करने में आज्ञाकारी बन जाएं(प्रेरितों 6:7)। यीशु ने कहा,"मैं अपनी कलीसिया बनाऊँगा और अधोलोक के फाटक उसमें प्रबल नहीं होगें!"(मत्ती 16:18)! परमेश्वर को महिमा मिले! "क्योंकि उसी की ओर से, और उसी के द्वारा और उसी के लिए सब कुछ है। उसकी महिमा युगानयुग होती रहे: आमीन!"(रोमियों 11:26)

डोटा (इस नाम की उत्पत्ति 05-10-1993में हुआ जब यह पाठयक्रम पहली विशेष तौर पर रेडियो में प्रसारित किया गया, "Discipleship training On The Air", अर्थात चीन पर रोडियो पर प्रसारण व प्रशिक्षण)1995 में (प्रथम संस्करण)। 2016 में (चौथा संशोधित संस्करण)।

सर्वाधिकार
मसीह की कलीसिया बनाने पर समूह के अगुवों के लिए तैयार किये गये 4 मैनुएल के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं। उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए नि:शुल्क नकल किया जा सकता है। लेकिन उन्हें बेचा नहीं जा सकता। उन्हें बिना लिखित अनुमति के दूसरी भाषा में अुनवाद नहीं किया जा सकता।

सिफारिश
इस सामग्री को बहुतायत से इस्तेमाल करने और एक आशीष बनने के लिए तैयार किया गया है। लेकिन मसीह की कलीसिया बनाने के 4 मैनुएल का उददेश्य समूह के अगुवों या मसीहियों को तैयार करना है इसलिए, यह सुझाव दिया जाता है कि केवल समूह के अगुवे ही मैनुएल 4 की नकल या कॉपी करें। एक विद्यार्थी को ठीक मूल पाठयक्रम की नकल केवल तभी दी जाये जब उनसे सभी 12 अध्यायों की शिक्षा प्राप्त कर ली हो और वह किसी समूह या किसी व्यक्ति को शिक्षा देने की कामना करता हो।